Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-37 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 1 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## सरकार, ऐसे कैसे चलेगा अभियान?

### पहले सचिव, पटवारी, गिरदावरी, तहसीलदार और अब सरपंच भी हड़ताल पर

डूंगरपुर।

**डूंगरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से राजस्थान में सरकार प्रशासन गांवों के संग अभियान शुरू करने जा रही है। इसे लेकर सीएम से लेकर कलेक्टर अलर्ट मोड पर है लेकिन जमीन स्तर पर इस अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है वें ही हड़ताल पर है। सचिव, पटवारी, गिरदावरी, तहसीलदार और अब सरपंच भी हड़ताल पर उतर गए है ऐसे में इस अभियान में लोगों के काम कौन करेगा।

## सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर असहयोग आन्दोलन शुरू कर दिया

डूंगरपुर।

प्रशासन गांवों के संग अभियान के एक दिन पहले जिला प्रशासन व सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा पेन डाउन हड़ताल के बाद अब सरपंच संघ ने अपनी मांगो को लेकर असहयोग आन्दोलन शुरू कर दिया है। सरपंच संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डूंगरपुर जिला सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष लीलाराम ने बताया की सरपंच संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लम्बे समय से संघर्ष कर रहा है सरकार से लिखितसमझोते होने के बाद भी अभी तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया है। इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष लीलाराम ने कहा की जब तक सरकार सरपंचों की मांगो को पूरा नहीं करेगी तब तक जिले के सभी सरपंच प्रशासन गांवों के संग अभियान में कोई सहयोग नहीं करेंगे वही 10 अक्टूबर को सरपंच संघ ने पंचायत समितियों पर तालेबंदी करने की भी चेतावनी दी है।

## डूंगरपुर जिले में ग्राम विकास अधिकारी 11 सूत्री मांगों को लेकर पेन डाउन हड़ताल पर

**डूंगरपुर।** प्रदेश में कल 2 अक्टूबर से प्रशासन शहरों व गांवों के संघ अभियान की शुरुआत होगी, लेकिन इससे एक दिन पहले डूंगरपुर जिले में ग्राम विकास अधिकारी 11 सूत्री मांगों को लेकर पेन डाउन हड़ताल पर उतर गए है।

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के बैनर तले जिले के ग्राम विकास अधिकारी आज शुक्रवार से पैन डाउन हड़ताल पर उतर गए है। इसके साथ ही जिले के सभी 10 पंचायत समितियों के सामने बेमियादी धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। डूंगरपुर पंचायत समिति के सामने ब्लॉक अध्यक्ष नयना पहाड़, उपाध्यक्ष गोपाल अहारी व मंत्री मुकेश के नेतृत्व में धरना शुरू किया गया। ग्राम विकास अधिकारियों का कहना है की वे वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित अन्य 11 सूत्रीय मांगो को लेकर लम्बे समय से संघर्ष कर रहे है। लेकिन सरकार की ओर से कोई राहत नहीं मिल रही है। इधर ग्राम विकास अधिकारियों के हड़ताल पर उतरने से पंचायतों से जुड़े तमाम काम प्रभावित होंगे। गांवो में मनरेगा के काम भी रुक जाएंगे। वहीं सबसे परेशानी कल 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले प्रशासन गांवो से संघ अभियान पर पड़ेगा।

## गांधी की जयंती पर नरेगा कार्मिक अनिशचितकालीन हड़ताल पर

### कनिष्ठ तकनीकी सहायक संघ समझोता वार्ता लागू नहीं होने से नाराज है कार्मिक

**सागवाड़ा।** कनिष्ठ तकनीकी सहायक संघ डूंगरपुर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को मार्फत माननीय विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपे गए। उक्त पत्र के अनुसार सरकार द्वारा तकनीकी संघ द्वारा कहीं बार ज्ञापन देने के बावजूद भी आज दिनांक तक सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। सरकार से संघ की कई बार हड़ताल पश्चात समझोता वार्ता और लिखित आश्वासन के बाद भी आज तक तक किसी भी बात पर सरकार द्वारा उचित निर्णय नहीं लिया गया। जब तक उचित मांगो पर आदेश



की कार्यवाही नही होती है तब तक कनिष्ठ तकनीकी सहायक संघ राजस्थान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर महात्मा गांधी नरेगा तकनीकी कार्मिक अनिश्चितकालीन आंदोलन पर उतर गया है। संविदा कर्मचारी को मात्र अल्प वेतन दिया जा रहा है जिससे आज की महंगाई में परिवार का पालन पोषण करने में असमर्थ महसूस करता है। जिला अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम ने बताया कि जब तक हमारी न्यायोचित मांगे पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन अनवरत चलता रहेगा।

## अस्पताल आए युवक का पर्स चोरी

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत जिला अस्पताल में अपने पिता व बेटी को दिखाने लाये एक युवक का अज्ञात चोर ने पर्स मार लिया। युवक के पर्स में 5 हजार 220 रुपए व आधार कार्ड व एटीएम कार्ड मौजूद था। पीड़ित ने अस्पताल पुलिस चोकी को रिपोर्ट दी है। फलोज निवासी पीड़ित युवक जितेश पाटीदार ने बताया की वह उसके पिता व बेटी को तबियत ख़राब होने पर डूंगरपुर जिला अस्पताल में दिखाने लाया था। इस दौरान अस्पताल में किसी अज्ञात चोर ने उसका पर्स मार लिया। उसने बताया की उसके पर्स में 5 हजार 220 रुपए व एटीएम कार्ड और आधार कार्ड मौजूद था। इधर पीड़ित ने अस्पताल पुलिस चोकी को चोरी की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बरोठी गांव में एक ढाबे पर दबिश देकर 12 कार्टन शराब जब्त की

**डूंगरपुर।** जिले के पुलिस की स्पेशल टीम ने बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बरोठी गांव में एक ढाबे पर दबिश देकर 12 कार्टन शराब जब्त की है। वही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसटी के प्रभारी दिलीपदान ने बताया की मुखबिर के जरिये बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बरोठी गांव में एक ढाबे पर अवैध रूप से शराब होने की सुचना मिली थी। जिस पर डीएसटी ने मौके पर जाकर दबिश दी और मौके से 12 कार्टन शराब के जब्त किये। वही भीलवाडा निवासी नारायण गुर्जर को हिरासत में लिया। जिसके बाद डीएसटी ने आरोपी व शराब को बिछीवाडा थाना पुलिस को सुपुर्द किया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सागवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड पर महिला का पर्स चुराया

**सागवाड़ा।** रोडवेज बस स्टैंड पर भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात उचक्के ने एक महिला का पर्स उड़ा लिया। जानकारी के अनुसार चितरी निवासी मनीषा पुत्री वालजी पाटीदार उदयपुर जाने के लिए दोपहर 2.30 पर बस में चढ़ने के दौरान अज्ञात बदमाश ने उसका बैग पार कर लिया। बैग में एसबीआई का एटीएम, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाईल और 5 हजार रुपए नकद रखे हुए थे। बैग पीठ पर लटका हुआ था, बस में चढ़ने के दौरान किसी ने निकल लिया। मनीषा ने थाने पहुंच कर घटना की जानकारी पुलिस की दी।

## कुआ व चौरासी दो थानों के थानाधिकारी बदले

**डूंगरपुर।** जिले के एसपी सुधीर जोशी ने आज एक आदेश जारी करते हुए चार सब इंस्पेक्टर के तबादले किये है। जिसमे एसपी ने कुआ व चौरासी दो थानों के थानाधिकारी बदले है। एसपी सुधीर जोशी द्वारा जारी आदेश में कुआ थानाधिकारी प्रवीण राजपुरोहित व चौरासी थानाधिकारी बंशीलाल को थानाधिकारी पद से हटाकर पुलिस लाइन में भेजा है। वही सब इंस्पेक्टर भेमजी गरासिया को चौरासी थानाधिकारी व भानु प्रताप सिंह को कुआ थानाधिकारी लगाया है।

## देवल गांव निवासी एक मजदूर की एक्सीडेंट में मौत

**डूंगरपुर।** जिले की सीमा से सटे खेरवाड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जिले के देवल गांव निवासी एक मजदूर की मौत हो गई। खेरवाड़ा थाना पुलिस के एएसआई प्रभुलाल ने बताया कि डूंगरपुर जिले के देवल मनात फला निवासी भाणा मनात (42 वर्ष) मजदूरी का काम करता है।

## घांटा का गांव महाकाली मंदिर में चोरी, दानपेटी तोड़कर दानराशि, चांदी की दो चुडिया चोरी

### वारदात की जांच में जुटी पुलिस





**डूंगरपुर।** जिले में दिन ब दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही है जिससे चोरों में पुलिस का खौफ कम दिखता जा रहा है। ओबरी थाना क्षेत्र के घाटा का गांव में चोरो ने महाकाली मंदिर में धावा बोल कर मंदिर के दान पेटी से नगदी एवं चांदी की दो चुडिया चुरा कर ले गए।

मंदिर कमेटी के सचिव दिनेश पाटीदार ने बताया कि घाटा का गांव के महाकाली मंदिर में गुरूवार रात के समय चोरी की वारदात हुई। चोरो ने मंदिर में घुसकर मंदिर के दोनों दरवाजों के ताले तोड़ दिए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं आर्यन ग्रुप जो मंदिर में हरियाली बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाने का काम करता है उनके औजार से मंदिर के मुख्य दरवाजे के ताला तोड़ा। चोरो ने मंदिर की दानपेटी को निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन दान पेटी बहुत अधिक भारी होने से नहीं निकली। इस पर चोरो ने मातारानी के हाथों में पकड़े त्रिशुल निकाल कर उसे मोड़ दिया। इसके बाद दान पेटी को त्रिशुल से तोड़कर दानराशि चुरा ले गए। हालांकि दानपेटी में कितनी दानराशि थी इसका अनुमान नहीं लगा पाए है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रविशंकर पाटीदार ने बताया कि पूर्व मेंचोरी की कई घटना हो चुकी है, लेकिन पुलिस मामले में आज तक चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।ओबरी के वडीखण्ड़ माता मंदिर में पूर्व में हुई चोरी की घटना का खुलासा भी आज तक नहीं हुआ है, जबकि घटना को लेकर सीसीटीवी फूटेज भी सामने आए थे, जिसमे कुछ चोर भी दिखाई दिए, लेकिन पुलिस चोरो को पकड़ने में नाकाम रही है। इससे लोगो मे जबर्दस्त आक्रोश है।

## राष्ट्रीय स्वेच्छिक रक्तदान दिवस पर राज्य सरकार ने किया सपना फाउंडेशन को सम्मानित

### सपना फाउंडेशन को संस्थागत श्रेणी में संपूर्ण राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ

सागवाड़ा।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष में स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रेरणा प्रदान करने हेतु आयोजित किए गए कार्यक्रम में वागड़ की रक्तदान जन जागरूकता में अग्रणी संस्था सपना फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। जिसमें सपना फाउंडेशन को संस्थागत श्रेणी में संपूर्ण राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।चिकित्सा मंत्री डॉ रघु शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए जयपुर में इस कार्यक्रम में समस्त राजस्थान में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाए एवं व्यक्ति सम्मिलित हुए।

पत्रकार वार्ता के दौरान जब चिकित्सा मंत्री को यह पूछा गया कि वागड़ क्षेत्र का राजस्थान में तृतीय स्थान प्राप्त करना आप किसी प्रकार देखते है तो उन्होंने जवाब में उत्तर दिया कि वागड़ तो राजस्थान का सिरमौर है और ये बेहद अच्छा संकेत है। विगत 3 वर्षों से युवाओं द्वारा सपना फाउंडेशन समूह के माध्यम से जो कार्य किये जा रहे है उसके प्रतिफल कई न कई अब क्षेत्र में दिखना शूरू हो गए है।अब आमजन इसमें सौ प्रतिशत भागीदारी निभाते हुए





अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान हेतु स्वैछिक रूप से आगे आ रहे है।

सपना फाउंडेशन द्वारा रक्तदान में अब तक लगभग 1800 से अधिक रक्तदान के साथ ही केशदान व पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किया जा रहा है उन्ही सब कार्य को देखते हुए यह सम्मान सपना फाउंडेशन को प्रदान किया गया।

सपना फाउंडेशन फाउंडर विश्वम्भर सुखवाड़ा द्वारा बताया गया कि यह सम्मान सपना फाउंडेशन वागड़ के समस्त रक्तवीरो को समर्पित करता है।

## सागवाड़ा में कल से लहरायेगा 103 फीट ऊंचा तीरंगा

**सागवाड़ा।** 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्षय में सागवाड़ा शहर को एक सौगात मिलने जा रही है। सागवाड़ा नगरपालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र भाई खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा शहर में भी अब 103 फीट ऊंचा तीरंगा लहरायेगा।2 अक्टूबरके दिन ही शहरवासियों को यह सौगात देने के लिए शुक्रवार रात भर तैयारी चल रही है। खोडनिया ने बताया कि सागवाड़ा अस्पताल परिसर में इसका फाउंडेशन तैयार किया गया है। शनिवार को बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज के हाथों 103 फीट ऊंचा तीरंगा फहराया जाएगा।

## घर के खुले बिजली के तारों को छूने से वृद्ध की मौत

**गामड़ी अहाड़ा।** जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के लोड़वाड़ा गांव में एक वृद्ध की घर में खुले तारो को छूने से दर्दनाक मौत हो गई। वृद्ध घर मे अकेला रहता था और घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। रामसागड़ा थाना पुलिस के अनुसार रामजी खराड़ी (60 वर्ष) निवासी लोड़वाड़ा घर मे अकेला रहता था। शुक्रवार शाम को वह घर में बिजली के बोर्ड के पास कुछ काम से गया और बिजली के खुले तार को छू गया, जिससे करंट का ऐसा झटका लगा कि तेज चीख के साथ वह नीचे गिर गया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग पंहुच गए, लेकिन रामजी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सागवाड़ा में महंत अच्युतानंद महाराज के हाथ से दिये जाएंगे पट्टे

### * प्रशासन शहरों के संग अभियान कल से शहरवासियों को राहत देने में जुटी नगर पालिका * अधिकारियों की मौजूदगी में हाथों हाथ होगा समस्या का समाधान

**सागवाड़ा।** राज्य सरकार की ओर से 2 अक्टुम्बर शनिवार से शुरू होने वाले प्रशासन शहरों के संग अभियान की नगरपालिका सागवाड़ा ने तैयारियां पूरी कर ली है। नगरपालिका अधयक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य शनिवार सुबह 11 बजे नगर पालिका सागवाड़ा के कार्यालय परिसर में प्रशासन शहरों के संग शिविर का उद्घाटन किया जाएगा। महंत अच्युतानंद महाराज के सानिध्य में उनके हाथों लोगों को पट्टे जारी किये जाएंगे। खोडनिया ने बताया कि कार्यक्रम में एसडीएम राजीव द्विवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी में शहरवासियों की समस्याओं का समाधान हाथों हाथ किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में लगे प्री केंप शिविर में समस्याओं के निराकरण को लेकर शहरवासियों के प्रार्थना पत्र और आवेदन लिये गये थे, अब इस अभियान में उनका समाधान किया जाएगा। खोडनिया ने बताया कि इस शिविर में कच्ची बस्ती नियमन, स्टेट ग्रांट एक के तहत पट्टे, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र और उनका पंजीयन सहित कई कार्य, होंगे। शिविर में कृषि भूमि पर बसी आवासीय योजनाओ के नियमन के पट्टे, अपंजीकृत पट्टो के पुनर्वैध के प्रकरण,अनुमोदित आवासीय योजनाओ के भूखंड के पट्टे जारी करना,एक मुश्त लीज जमा कराने पर लीज मुक्ति प्रमाणपत्र जारी करना, भूखंड का हस्तांतरण, ले-आउट प्लान के अनुमोदन के प्रकरण,भवन निर्माण स्वीकृति,खाचा भूमि आवंटन के प्रकरण,कच्ची बस्ती नियमन,जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन,स्टेट ग्रांट एक्ट के पट्टे वितरित,लीज,नगरीय कर के प्रकरण,विवाह स्थलों का पंजीयन,भूखंडो के उपविभाजन और पुनर्घठन सहित कई कार्य किए जाएंगे।

## पेड़ से फंदे पर लटके मिले युवक के शव को 10 घंटे बाद परिजनों के आने पर फंदे से नीचे उतारा

### सीमलवाड़ा स्कूल खेल मैदान में पेड़ से फंदे पर लटके मिले युवक के शव

**सीमलवाड़ा।** धंबोला थाना क्षेत्र के सीमलवाड़ा स्कूल खेल मैदान में पेड़ से फंदे पर लटके मिले युवक के शव को 10 घंटे बाद परिजनों के आने पर फंदे से नीचे उतारा गया। परिजनों ने की मौत पर हंगामा करते हुए मार कर लटकाने के आरोप लगाए। दूसरी ओर मामले प्रेमी युवक की ओर से एक युवती को जबरन भगाकर ले जाने और मामले में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट पर उदयपुर पुलिस के लड़की को पडककर ले जाने का मामला भी सामने आया है। इसके बाद ही आज युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिला है।

धंबोला थाना पुलिस के अनुसार आज शुक्रवार सुबह सीमलवाड़ा के मणीलाल



पंड्या स्कूल के पास स्थित विनोबा भावे खेल मैदान में एक पेड़ से एक युवक का शव रस्सी से फंदे पर लटका मिला था। पेड़ के नीचे ही उदयपुर नंबर की एक बाइक भी लावारिस हालात में मिली थी। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर पता लगाते हुए उदयपुर जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र में सराडित गांव के लोगो से संपर्क किया। सुबह करीब 6 बजे शव लटका हुआ मिला था, लेकिन झाडोल से परिजन शाम करीब 4 बजे पंहुचे। झाड़ोल निवासी आनंद ने मृतक की पहचान अपने भाई प्रताप (19 वर्ष) के रूप में की। करीब 10 घंटे बाद शव को फंदे से नीचे उतारा जा सका। शव को नीचे उतारने के बाद परिजनों में हत्या कर शव को लटकाने के आरोप लगाए। मामले में धंबोला थाना एसआई रमेशचंद्र कटारा, सीमलवाड़ा चौकी प्रभारी गोविंदसिंह, जीतमल, अरविंद व दिनेश ने समझाइश की। एसआई रमेशचंद्र ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शव को सीमलवाड़ा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया।

## लड़की बोली- मुझे जबरन भगाकर ले गया

उदयपुर के भोपालपुरा थाना पुलिस ने लड़की को दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने बताया कि लड़की ने अपने बयानों में बताया है कि वह अपनी बहन के साथ जा रही थी उसी दौरान उसकी पहचान का प्रताप उसे मिला और बाइक पर बैठाकर ले गया। इसके बाद युवक उसे जब डूंगरपुर की ओर ला रहा था तो उसने प्रताप को मना किया, लेकिन जबरन उसे सीमलवाड़ा ले आया। प्रताप ने उसे अपने मामा के बेटे के एक कमरे में रखा। इसके बाद कल शाम के समय प्रताप सब्जियां लेने निकला और वह कमरे से निकलकर एक सब्जी बेचने वाली महिला का फोन लेकर अपने पिता को फोन कर घटना के बारे में बताया था। बताया जाता है मृतक प्रताप के मामा का लड़का विजेंद्र सीमलवाड़ा क्षेत्र के शिक्षक है और प्रताप ने 10 से लेकर 12वी तक कि पढ़ाई अपने मामा के बेटे के साथ रहकर ही की है, लेकिन मामा का बेटा इन दिनों घर जाने के कारण वह लड़की को लेकर यहां आ गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 29 को भोपालपुरा थाने में बहन ने दर्ज करवाई गुमशुदगी, 30 को पुलिस आकर ले गई

उदयपुर जिले के भोपालपुरा थाने के हेड कांस्टेबल हीरालाल ने बताया कि 29 सितंबर को एक लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया कि वह ओर उसकी बहन भोपालपुरा में एक ई मित्र पर फार्म भरने गए थे। इसी दौरान उसकी बहन अचानक गायब हो गई और उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने इस गुमशुदगी की रिपोर्ट पर लड़की के फोन नंबर को ट्रेस पर रख दिया। इस दौरान लड़की के प्रताप नाम के युवक के साथ सबसे ज्यादा बातें करने की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने प्रताप के मोबाइल को सर्विलांस पर रखा तो दोनों की लोकेशन सीमलवाड़ा में पाई गई। पुलिस दोनों के सीमलवाड़ा में होने का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान 30 सितम्बर को लड़की के पिता थाने पर पंहुचे ओर कहा कि उसकी बेटी ने किसी दूसरे के फोन से फोन कर बताया है की वे उसे आकर ले जाये। जिस पर भोपालपुरा थाना पुलिस कल गुरुवार देर रात करीब 9 बजे डूंगरपुर धंबोला थाना पंहुची और एक घर कब पास बैठी युवती को दस्तयाब करते हुए लेकर उदयपुर रवाना हो गई।